30 जून 2020 तक अपडेट किया गया

***जैसा कि आप जानते हैं, COVID-19 के मद्देनजर जनगणना ब्यूरो का संचालन बदल रहा है। इस समय के दौरान भी घर वाले 2020 की जनगणना का उत्तर दे सकते हैं!*** आप जनगणना की प्रतिक्रिया स्वयं – ऑनलाइन, फोन अथवा मेल से – बिना जनगणना कर्मी से मिले दे सकते हैं। उत्तर देने की समय-सीमा को 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

- आप www.2020census.gov पर ऑनलाइन जवाब दे सकते हैं।
- आप फोन से सवालों को पूछ अथवा जवाबों को दे सकते हैं। फोन नंबर के लिए हमारे जनगणना फ्लायर देखें।
- यदि आपने जनगणना का उत्तर नहीं दिया है तो जनगणना ब्यूरो 22 जुलाई के हफ्ते के दौरान आपको एक विशिष्ट आईडी के साथ एक पोस्टकार्ड भेजेगा।

o इसमें प्रश्नावली दस्तावेज़ शामिल ***<u>नहीं</u>*** होगी, जवाब देने के लिए ऑनलाइन जाना अथवा जनगणना ब्यूरो को फोन करना सुनिश्चित करें।

o यदि आपने पहले ही मेल से प्रश्नावली दस्तावेज़ प्राप्त किया है तो आप प्रश्नावली दस्तावेज़ का इस्तेमाल करके मेल से उत्तर दे सकते हैं। यद्यपि जनगणना ब्यूरो ने उन घरों के लिए नए प्रश्नावली दस्तावेज़ को मेल करने की योजना नहीं बनाई है जिन्होंने अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

- जनगणना ब्यूरो ने 24 जून और 3 जुलाई के बीच अनुस्मारक पोस्ट-कार्ड को उन समुदायों के डाक घर बक्से में भेजा जहाँ डाक घर बक्से हीं केवल मेल के पते के रूप में उपलब्ध हैं।

o पोस्ट-कार्ड से घरों को पता चलता है कि जनगणना कर्मी जल्द हीं जनगणना का आमंत्रण भेज सकते हैं अथवा उनके साक्षात्कार के लिए बाद में दौरा करेंगे। पोस्ट-कार्ड यह भी सूचना प्रदान करता हैं कि कैसे ऑनलाइन अथवा फ़ोन से 2020 के जनगणना का उत्तर देना है। आमंत्रण पैकेट के प्राप्त करते हीं यथाशीघ्र घरों को 2020 के जनगणना का उत्तर देना चाहिए।

o जिन घरों ने मेल को डाक घर बक्से में प्राप्त किया है, उन्हें जवाब देने के क्रम में अपने गली के पते (न कि उनके डाक घर बक्से की संख्या) को देना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका जवाब उनके निवास स्थान से जुड़ा हो ना कि उस स्थान से जहाँ उन्होंने मेल प्राप्त किया है। पैकेट में मौजूद जनगणना आईडी का उपयोग करके घरवाले फोन से ऑनलाइन अंग्रेजी अथवा अन्य 12 भाषाओं में जवाब दे सकते हैं या उन्हें पहुंचाए गए प्रश्नावली दस्तावेज़ को पूरा भरकर वापस मेल कर सकते हैं।

उत्तर कैसे दें और भाषा पर सहायता कैसे प्राप्त करें, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए तथ्य पत्रों को देखें।

जनगणना ब्यूरो से उनके संचालन में बदलावों का अपडेट यहां है:

- ऑनलाइन, फोन से अथवा दस्तावेज़ प्रपत्र द्वारा वापस उत्तर देने के लिए समय-सीमा को 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

- 22-24 सितंबर के मध्य जब जनगणना कर्मी आएंगे, आवासहीनता अनुभव करने वाले लोगों को जहां वे रह रहे हैं उन्हें वहीं काउंट करेंगे। जनगणना कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) और सामाजिक दूरी के नवीनतम क्षेत्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशनिर्देशों का पालन करना होगा।

- जनगणना कर्मी 3-28 सितंबर तक शिविर-स्थलों, आरवी पार्कों, बंदरगाहों और होटलों में रह रहे लोगों की गणना करेंगे। यदि वे आमतौर पर किसी अन्य जगह पर नहीं रहते हैं।

- जनगणना ब्यूरो ने 14 जून को नवीनीकरण गणना संचालन पुनः प्रारंभ किया। इन क्षेत्रों के भौगोलिक रूप से सुदूर होने के कारण जनगणना कर्मी गणना के प्रतिक्रियाओं को घर वालों को ऑनलाइन, फोन से या मेल से प्रतिक्रियाओं को आमंत्रित करने के बजाय व्यक्तिगत रूप से एकत्र करते हैं। यह संचालन 14 जून से 29 जुलाई तक हो रहा है।

- जब जनगणना कर्मी घर-घर जाकर सदस्यों का दौरा करेंगे जिन्होंने अब तक उत्तर नहीं दी है तो प्रतिक्रिया नहीं देने वालों के जाँच की शुरुआत में देर होगी। अधिकतर क्षेत्रों में इसे 11 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और 31 अक्टूबर तक यह समाप्त हो जाएगा।

- जुलाई मध्य की शुरूआत में, जनगणना ब्यूरो देश के आसपास छह क्षेत्र जनगणना कार्यालयों (एसीओ) को पुनः खोलेगा और 2020 की जनगणना में जिन्होंने अब तक उत्तर नहीं दिया है, उन घरों का साक्षात्कार लेना प्रारंभ करेगा।

o यह एक प्रारंभिक शुरुआत है। क्योंकि ज्यादातर देशों में अगस्त तक उत्तर नहीं देने वालों की व्यक्तिगत रूप से कार्यवाही नहीं होगी।

o छह एसीओ जो प्रारंभिक शुरुआत करेंगे को जुलाई के शुरुआत में घोषित किया जाएगा।

o दूसरे चरण के सॉफ्ट लॉन्च के लिए जुलाई में बाद में अतिरिक्त क्षेत्र की जनगणना कार्यालयों को घोषणा की जा सकती है।

o **सभी जनगणना कर्मियों को सामाजिक दूरी के शिष्टाचार का पालन कर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें पीपीई जारी किया जाएगा और उनके इस्तेमाल के लिए क्षेत्रीय दिशनिर्देशों का पालन करना होगा।**

- **गैर-प्रतिक्रिया अनुवर्ती सुधार: प्रतिक्रियाओं में यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या प्रत्येक जनगणना कर्मी ने जनगणना ब्यूरो के प्रशिक्षण का अनुपालन किया है और अपने कार्यों को सही ढंग से किया है, इसके जांच के लिए अन्य जनगणना कर्मी छोटे साक्षात्कार के लिए किसी घर का दौरा कर सकते हैं। पुनः साक्षात्कार पहले लिए गए साक्षात्कार से अलग किसी अन्य जनगणना कर्मी द्वारा लिया जाएगा, जो मूल रूप से घर का दौरा करते है। प्रतिक्रिया नहीं देने वालों पर आगे की कार्यवाही का पुनः साक्षात्कार 12 अगस्त से 31 अक्टूबर तक चलने वाला है।**

**सभी जनगणना कर्मियों के पास आधिकारिक आईडी बैज है जिसमें उनके नाम, फोटोग्राफ, अमरीकी वाणिज्य विभाग का एक वॉटर-मार्क और समापन तिथि शामिल है।**

- जनगणना ब्यूरो की मोबाइल प्रश्नावली सहायता (एमक्यूए) कार्यक्रम को संशोधित किया जा रहा है। जनगणना ब्यूरो उम्मीद करता है कि एमक्यूए कर्मचारी कम प्रतिक्रिया देने वाले अड़ोस-पड़ोस में व्यक्तिगत जनगणना सहायता को पुनः प्रारंभ करने में सक्षम हो सकते हैं। एमक्यूए में शामिल सभी जनगणना ब्यूरो के कर्मचारी पीपीई के लिए क्षेत्रीय दिशनिर्देशों और सामाजिक दूरी का अनुसरण करेंगे।

- जनगणना ब्यूरो अपने संवाद अभियान को अक्टूबर 2020 तक जारी रखेगा। विस्तारित प्रचार अभियान 33 भाषाओं में नए श्रोताओं तक पहुंचता है जो कुल 45 गैर-अंग्रेजी भाषाओं को बढ़ाता है। विस्तारित भाषाओं में ऐतिहासिक रूप से कम आबादी वाले क्षेत्रों की सहायता करने के लिए प्रिंट और डिजिटल प्रचार को कवर किया जाएगा।

**महाविद्यालय परिसर से बाहर रहने वाले छात्रों की गणना**

जनगणना ब्यूरो महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के परिसर से बाहर रहने वाले छात्र की आबादी के बड़े तपके तक पहुंच रहा है ताकि उन्हें 2020 के जनगणना में सही स्थान पर गणना सुनिश्चित करने में मदद मिले। भले ही वे विद्यालय के बंद होने अथवा दूरस्थ शिक्षण के लिए हस्तांतरित होने के कारण पहले ही घर चले गए हों।

- जनगणना ब्यूरो ने परिसर के बाहर रहने वाले छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय को पहले से दिए गए मूलभूत सूचनाओं को देने के लिए महाविद्यालय से पहले से सहायता मांगी है।

- जनगणना ब्यूरो के कर्मचारियों ने 16 जून से विद्यालय अधिकारियों को फोन करना शुरू किया है और कम से कम पूरा नाम, जन्मतिथि और स्थानीय तथा वैकल्पिक पते का अनुरोध करेंगे। इन सूचनाओं को हासिल कर जनगणना ब्यूरो यह सुनिश्चित कर सकता है कि छात्रों को उनके सही स्थान पर गणना किया जाए, साथ हीं नकली प्रतिक्रियाओं को जनगणना से हटाया या (यदि किसी अन्य स्थान पर एक हीं व्यक्ति का रिकार्ड न होने पर) छात्रों को गणना में शामिल किया जा सकता है। जनगणना ब्यूरो सभी सूचनाओं को एकत्र करता है, यह निजी जानकारी कानून द्वारा संरक्षित होती है।

- महाविद्यालय और विश्वविद्यालय अध्यक्षों के लिए जनगणना ब्यूरो के पत्र को यहां देखें।

**जनगणना ब्यूरो भर्ती**

जनगणना ब्यूरो जनगणना कर्मियों और अस्थाई श्रमिकों की लगातार नियुक्ति करना जारी रखा है। किन देशों के लिए जनगणना ब्यूरो अभी भी भर्ती कर रहा है यहां देखें।

www.CountUsIn2020.org/covid-19 पर और अधिक देखें।